मित्रता ही एकमात्र ऐसा बंधन है जो दुनिया को एक साथ जोड़े रख सकता है।'' -वुड्रो विल्सन

## 32 साल बाद फिर मिले हम : फिर याद आया बचपन



हरिभूमि जबलपुर।

जीवन की सबसे अनमोल धरोहर प्यारे पुराने दोस्त होते हैं। बिना किसी पक्के दोस्त के ज़िंदगी बहुत बदसूरत और भयानक हो जाती है। स्कूल के समय की सखियों के गैट टूगेदर की जानकारी देते हुए सुमी बताती है कि जिन लोगों को आप पांच साल की उम्र से जानते हैं, उनसे आपका कोई खास मेल होना जरूरी नहीं है। पुराने दोस्तों के साथ तो पूरी जिंदगी का अनुभव साझा होता है। जिनके पास पुराने दोस्त हो वो बड़ा ही खुशकिस्मत होता है क्योंकि एक सच्चा दोस्त वो होता है, जो आपको तब भी हंसाता है जब आपको लगता है कि आप फिर कभी मुस्कुरा नहीं पाएंगे। सच्ची दोस्ती वह है जब दो दोस्त विपरीत दिशाओं में चलते हुए भी एक-दूसरे के साथ बने रहें। सच्ची मित्रता - जिसे न कोई आशा, न भय, न स्वार्थ तोड़ सकता है। यह ऐसी मित्रता है जो लोगों के साथ उनकी मृत्यु तक रहती।

32 साल बाद बचपन के स्कूल वाली सहेलियों की ऐसी ही मुलाकात हुई। समय भले कितना भी बीत जाए, बचपन की यादें और दोस्ती की गर्माहट कभी पुरानी नहीं होती। सभी सहेलियों ने दिल को छू लेने वाला ये पल साथ बिताया भंवरताल उद्यान में। इन खूबसूरत लम्हों में रूपा, गीता, शर्मिला, रीता, सरिता, शुमायला, कौशल्या, रेखा, श्यामलता, निर्मला, सुरेखा आदि सखियों ने पुराने दिनों को याद करते हुए ढेर सारी मुस्कुराहटों और मस्ती के बीच वक्त गुजारा। इनकी इस मुलाकात को देखकर सभी के दिल से यही दुआ निकली कि इनकी ये दोस्ती ऐसे ही ज़िन्दगी भर बनी रहे।

"भजन जैमिंग" सेशन, महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही आकर्षण का केंद्र

## दिवा डैज़लिंग किटी में गूंजे भजन, देखने मिला भक्ति और प्रतिभा का अनोखा संगम



**जबलपुर।** होटल रेडिसन में आयोजित दिवा डैज़लिंग किटी का आयोजन इस बार विशेष आकर्षण के साथ सम्पन्न हुआ। पहली बार आयोजित "भजन जैमिंग" सेशन ने पूरे माहौल को भक्ति और ऊर्जा से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम में महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी और सजीव प्रस्तुतियों ने आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम की अगुवाई संस्था की प्रेसिडेंट प्रियंका कुल्चुरी अग्रवाल ने की। डायरेक्टर्स की टीम में एनी मक्कड, विशेखा मक्कड, चैताली शाह, मेघा लांबा, अंकिता मोहबे, पिंकी अग्रवाल (प्रगति), दामिनी भनोट, रितिका सड़ना, रिचा भांबरी, अलका जगवानी और रिचा अग्रवाल शामिल रहीं, जिन्होंने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भजन जैमिंग सेशन रहा, जिसमें आदित्य तिवारी और प्रियांशी शर्मा ने अपनी मधुर आवाज से उपस्थित महिलाओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। यह सेशन पहली बार आयोजित किया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। यह आयोजन केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि महिलाओं के लिए प्रतिभा प्रदर्शन और स्टार्टअप व ब्रांड प्रमोशन का भी मंच बना। कार्यक्रम में विभिन्न ज्वेलरी स्टॉल्स भी लगाए गए, जहां महिलाओं ने खरीदारी के साथ नए डिजाइनों की सराहना की। संपूर्ण आयोजन में संगीत, भक्ति, ग्लैमर और उत्साह का सुंदर संगम देखने को मिला, जिसने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को एक यादगार अनुभव प्रदान किया।

## वयोवृद्ध की पेंशन के 50 हजार आटो से गायब

**जबलपुर।** अधारताल थाना अतंर्गत गोकलपुर रांझी सेंट्रल बैंक से पैसे निकालकर अपने पिता के साथ आटो में आ रही एक युवती के बैग में रखे नगदी 50 हजार रुपए चोरी हो गए। युवती को शंका है कि आटो चालक ने ही उसके बैग से रुपए चुराए है। अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार महाराजपुर कमानिया गेट निवासी 101 वर्षीय रामचंद्र शर्मा अपनी बेटी श्रीमति शिवकुमारी के साथ गत सुबह लगभग 11 बजे महाराजपुर रोड से पेंशन निकालने के लिए बैंक जाने हेतु ई रिक्शा बुक करके गोकलपुर रांझी सेंट्रल बैंक गए थे। वहां पर उतरते ही रामचंद्र की बेटी ने आटो वाले का मोबाइल नम्बर लिया और नाम पूछने पर आटो वाले ने नितिन ठाकुर बताया था, और उसे कहा कि बैंक में काम हो जाने पर बुला लेंगें, कहकर दोनों बैंक के अंदर चले गए। रामचंद्र ने बैंक खाते से 50 हजार रुपए निकालकर बैग में रख लिये एवं बुक किये हुये आटो चालक नितिन ठाकुर को कॉल कर बुलाये तथा नितिन ठाकुर के आटो से घर जा रहे थे नितिन ठाकुर ने अधारताल तिराहे में दो महिलाओं को बैठा लिया था दोनों महिलायें सुहागी में हनुमान मंदिर के सामने उतर गईं थीं पैसों वाला बैग श्रीमति शिवकुमारी के पास था और उसके पिता रामचंद्र आटो के सामने वाली सीट पर बैठे थे वह अपने पिताजी को देख रही थी कि पिताजी गिर न जायें, घर पहुँचकर आटो चालक नितिन ठाकुर को बुक किये हुये आटो के 220 रूपये देने के लिये बैग खोली तो उसके होश उड़ गए। उसमें रखे 50 हजार रूपये वाली गड्डी नहीं थीं। उसे शंका है कि आटो चालक नितिन ठाकुर ने ही उसके बैग में रखे 50 हजार रूपये चोरी किये हैं। पुलिस ने आरोपी आटो चालक नितिन ठाकुर के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

बजट सत्र की बैठक : पक्ष विपक्ष ने रखे महत्वपूर्ण सुझाव

# आयुर्वेदिक औषधालय, गदंगी और स्कूलों की दुर्दशा पर पार्षद गरजे

*नगर निगम के पंडित भवानी प्रसाद तिवारी सभा कक्ष में आयोजित बजट सत्र की तीसरे दिन की बैठक में शुक्रवार को कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर पार्षदों ने चर्चा की। बैठक में स्वास्थ्य, जल आपूर्ति, साफ-सफाई, भ्रष्टाचार एवं शिक्षा जैसे सामाजिक मुद्दों पर जोरदार बहस देखने को मिली।*







हरिभूमि, जबलपुर।

वरिष्ठ पार्षद कमलेश अग्रवाल ने शहर में पुनः आयुर्वेदिक औषधालय खोलने का मुद्दा उठाया। उन्होंने महापौर जगत बहादुर अन्नू से कहा कि पहले शहर में आयुर्वेदिक औषधालय हुआ करते थे, जिनसे गरीब तबके के लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिलता था। आज इस सुविधा की कमी महसूस की जा रही है और आवश्यक योजना बनाकर कार्य किए जाने की आवश्यकता है। साथ ही उन सरकारी डॉक्टरों का भी जिक्र हुआ जो सेवा के इच्छुक हैं लेकिन उन्हें चिकित्सा केंद्र खोलने की जगह नहीं मिल पा रही है। बैठक के दौरान कुछ मिनटों के लिए बिजली बंद होने के कारण व्यवधान आया, लेकिन नगर निगम सदन में पक्ष-विपक्ष दोनों ओर से उठाए जा रहे मुद्दों पर शांति पूर्वक चर्चा जारी रही। पार्षदों ने कहा कि शहर हित में उठाए गए सभी प्रस्तावों पर संवेदनशीलता से विचार होना चाहिए ताकि जनता को त्वरित समाधान मिल सके।

### ज़ाकिर हुसैन वार्ड में गंदे पानी की समस्या

बैठक में ज़ाकिर हुसैन वार्ड की पार्षद मुकीमा अंसारी ने अपने वार्ड में गंदे पानी और सीवरेज के पानी के जमाव की गंभीर समस्या उठाई। उन्होंने कहा कि कई इलाकों में गंदा पानी खुला बह रहा है, जिससे स्वास्थ्य जोखिम तथा बदबू की समस्या उत्पन्न हो रही है। इस मुद्दे को



गंभीर मानते हुए पार्षद ने कहा कि तत्काल नालियों की मरम्मत एवं सीवरेज प्रणाली का नवीनीकरण आवश्यक है ताकि प्रभावित परिवारों को राहत मिल सके। उन्होंने सफाई, गंदा पानी, बिजली, शिक्षा के साथ अव्यवस्थित रुप से फैले मटन मार्केट, दमोहनाका से अधारताल के बीच फायर सब स्टेशन, ब्यौहारबाग ट्राफिक सिंग्नल, महिला गार्डन अतिक्रमण के मुद्दों को बिन्दुवार सुझाव दिए।

### सफाई और भ्रष्टाचार का आरोप

महात्मा गांधी वार्ड के पार्षद हर्षित ने बैठक में नगर निगम के सफाई भ्रस्टाचार तथा प्रभारी अधिकारियों की कार्यप्रणाली को कठोर आलोचना की। हर्षित ने कहा कि सफाई के नाम पर घोटाले को लेकर कई पार्षद शिकायत कर रहे हैं, लेकिन नियमित कार्रवाई नहीं हो रही है। वार्ड में कूड़ा न उठने, सफाई कर्मियों की कमी और समयबद्ध सेवा न मिलने जैसे मामलों पर उन्होंने पुरजोर शब्दों में निंदा की। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन वाहन नहीं पहुंचने पर भी सवाल उठाए।

### विद्यालयों की स्थिति पर सवाल

हर्षित ने नगर निगम द्वारा संचालित शालाओं (स्कूलों) की स्थिति पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि कई सरकारी स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है कूड़ा, पानी, शौचालय और साफ-सफाई जैसे जरूरी पहलुओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। पार्षद ने कहा कि बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए इन स्कूलों को बेहतर बनाने की जिम्मेदारी नगर निगम की है। हनुमानताल वार्ड की पार्षद कविता रैकवार ने महापौर का धन्यवाद ज्ञापित किया कि चर्चित हनुमानताल तालाब की सफाई व व्यवस्था हेतु 2 करोड़ रुपये अनुमोदित किए गए हैं। इससे तालाब साफ सुथरा होगा और स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी।

## शो-रुम की लिफ्ट गिरने से एक की मौत, दो घायल

**जबलपुर।** जिले की पाटन तहसील से लगे तेंदूखेड़ा के मुख्य बाजार में एक इलेक्ट्रानिक शो रूम की लिफ्ट अचानक नीचे गिर गई। इस हादसे में नगर पालिका कर्मचारी की दबने से मौत हो गई. वहीं शोरूम संचालक के पुत्र सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया है कि यह लोग शादी की खरीदादारी करने गये थे। पुलिस के अनुसार तेंदूखेड़ा के मुख्य बाजार में प्रहलाद सोनी का दो मंजिला इलेक्ट्रॉनिक शोरूम है। बीती रात नगर पालिका कर्मचारी कमलेश लोधी, बांदीपुरा गांव के देवेंद्र लोधी के साथ शोरूम में खरीदारी करने पहुंचे थे। देवेंद्र के घर में शादी थी। उनके साथ शोरूम संचालक का बेटा भी मौजूद था। तीनों युवक शादी का सामान लेकर लिफ्ट के जरिए ऊपर से नीचे आ रहे थे। इस दौरान लिफ्ट का संतुलन बिगड़ गया और वह तेज गति से नीचे आ गिरी। तेज आवाज सुनकर शोरूम में मौजूद लोग दौड़े और सभी को लिफ्ट से निकालकर पाटन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। जहां पर डाक्टरों ने जांच के बाद कमलेश लोधी को मृत घोषित कर दिया। वहीं देवेन्द्र लोधी व शो रुम संचालक के बेटे को प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर कर दिया गया।

## ट्रेन से कटकर अज्ञात व्यक्ति की मौत

**जबलपुर।** खितौला थाना अतंर्गत गोसलपुर डाउन ट्रेक लखराम मोहल्ला के पास अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से कटने पर मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। खितौला पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह गोसलपुर डाउन ट्रेक लखराम मोहल्ला के पास अज्ञात व्यक्ति की ट्रने से कटकर मौत हो गई। अज्ञात व्यक्ति की उम्र 30 से 35 वर्ष की होगी। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## झारखंड से आई थी सप्लाई, 50 चाकू जब्त

## चाईना चाकू का सौदागर पुलिस के हाथ लगा



**जबलपुर।** क्राईम ब्रांच और माढ़ोताल पुलिस की टीम ने मुखबिर की सूचना पर मदर टेरेसा नगर में किराए के मकान में रहकर चायना चाकू की सप्लाई करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर 50 चायना चाकू व मोबाइल जब्त किया है। आरोपी ने पूछताछ में स्वीकार किया कि झारखंड से चाकू की खेप आई थी, और 200 रुपए प्रति चाकू के हिसाब से वह बेच रहा था। पुलिस कंट्रोलरुम में पत्रकारों से चर्चा के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर क्राईम ब्रांच और माढ़ोताल की संयुक्त टीम ने मदरटेरेसा नगर में संगीता जैन के मकान में किराए से रहने वाले पारस जैन को दबोचा।

पूछताछ में पुलिस को पारस जैन ने बताया कि वह मूलतः संग्रामपुर दमोह का निवासी है और 200 रुपए के हिसाब से चाकू बेचता है। ये चाकू उसके रिश्ते के साले झारखंड निवासी अभि उर्फ अभिषेक गुप्ता ने डिब्बे में पैक कर बिक्री के माध्यम से एक व्यक्ति के हाथ भेजे। छापे की कार्रवाई के दौरान जब पुलिस ने तलाशी ली तो पलंग के नीचे कैरी बैग में चाईना चाकू रखे मिले। आरोपी पारस जैन के कब्जे से 50 नग चाईना चाकू तथा एक नारजो कम्पनी का एण्ड्रायड मोबाइल जप्त करते हुये, आरोपी पारस जैन एवं अभिषेक गुप्ता तथा एक अन्य के विरूद्ध थाना माढोताल में धारा 25, 25(3)(आई) आर्म्स एक्ट तथा 49 बीएनएस के तहत कार्यवाही करते हुये अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

छापे की कार्रवाई थाना प्रभारी माढ़ोताल वीरेन्द्र सिंह पवार, थाना प्रभारी अपराध शैलेष मिश्रा के निर्देशन में क्राईम ब्रांच के उप निरीक्षक प्रभाकर सिंह, सहायक उप निरीक्षक अशोक मिश्रा, प्रशांत सोलंकी, प्रधान आरक्षक अटल जंघेला, रूस्तम अली, आरक्षक विनय सिंह तथा माढ़ोताल के सहायक उप निरीक्षक बेनीराम उइके, विजय शुक्ला, आरक्षक निकेश, सचिन, विनय सिंह, राहुल, कुनाल ने की।

## सिहोरा में अवैध रेत खनन पर कार्रवाई, 2 नाव मौके पर नष्ट



**जबलपुर।** जिले में अवैध रेत उत्खनन पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को सिहोरा तहसील के विभिन्न नदी घाटों में खनिज अमले ने छापामार कार्रवाई की। सहायक खनि अधिकारी के नेतृत्व में टीम ने ग्राम कुमही, सतधारा, देवरी, लमतरा, खिरहनीकला सहित आसपास के घाट क्षेत्रों का निरीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान खिरहनीकला स्थित हिरन नदी घाट पर अवैध रूप से रेत उत्खनन में लगी एक नाव पकड़ी गई, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इसी तरह ग्राम भाटादोन से लगे मुरता क्षेत्र में भी रेत खनन में संलिप्त एक अन्य नाव पाई गई, जिसे खनिज अमले ने विनिष्ट कर दिया। खनिज अधिकारी अशोक राय ने कहा की अवैध खनन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## मनी लॉड्रिंग का झांसा देकर 2 लाख हड़पे

**जबलपुर।** संजीवनीनगर और हनुमानताल थाना क्षेत्र में सायबर धोखाधड़ी के मामलें सामने आए है। एक प्रकरण में मोबाइल हैक करके यूपीआई के जरिए अज्ञात जालसाज ने एक व्यक्ति के खाते से 78 हजार रुपए निकाल लिए, इसी प्रकार हनुमानताल में सोशल मीडिया युवती से दोस्ती करने वाले एक कथित मेहमान ने विदेशी मुद्रा विनिमय का झांसा देकर खाते से 1 लाख 85 हजार 500 रुपए धोखाधड़ी कर निकाल लिए। संजीवनीनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मकान सीओडी कालोनी लालबाबा मंदिर धनवंतरीनगर संजीवनीनगर निवासी 55 वर्षीय एलआईसी कर्मचारी राजेश कुमार सैनी ने थाने में लिखित शिकायत की, कि गत 24 मार्च को दोपहर 3 बजे उसका मोबाइल जमीन में गिर जाने के कारण बंद हो गया जो 25 मार्च तक बंद था। इसके बाद उसी रात को उसने अपना मोबाइल चार्ज में लगाया, जिससे मोबाइल चालू हो गया, उसे पता चला कि उसका मोबाइल रीसेट हो गया है कोई डाटा नहीं था। उसने पे-टीएम प्ले स्टोर से डाउनलोड करके लॉग इन किया तो पता चला कि यूपीआई (पे-टीएम) के माध्यम से उसके मोबाइल से 2 बार में 78 हजार रूपये, 24 मार्च को 3.34 बजे अज्ञात व्यक्तियों के खातों में ट्रांसफर हुये हैं। उसी समय उसने एक्सेस बैंक कस्टमर केयर पर कॉल करके जानकारी दी उसके बाद सायबर फ्रॉड हेल्पलाईन नम्बर 1930 पर सूचना दी, उसका मोबाइल हैक करके उसके यूपीआई का उपयोग करके अज्ञात जालसाज ने धोखाधड़ी कर अपने खाते में पैसा ट्रांसफर कर लिये हैं। इसी तरह हनुमानताल में बड़ी खेरमाई खटीक मोहल्ला निवासी 36 वर्षीय पूनम पोरिया को सोशल मीडिया में दोस्ती करने वाले एक कथित विदेशी मेहमान इनो चुन्हा ने युवती को फोन लगाकर कहा कि वह भारत आया है और मुम्बई एयरपोर्ट में फस गया है दस्तावेज पूरे नहीं हैं और विदेशी मुद्रा भी ज्यादा लेकर आ गया है जिसके कारण मुम्बई एयरपोर्ट में पकड़ लिया गया है तथा भारत में मनी लांड्रिंग का केस कर दिया जायेगा उसने रोने का नाटक करते हुए एक कथित महिला मुम्बई एयरपोर्ट आफिसर से बात कराई, जिसने कहा कि आपको कुछ राशि जमा करना होता है तो विदेशी मुद्रा का विनिमय भारत की मुद्रा में होता है यह राशि जमा करानी होगी, उसके बाद आपको वापस कर दी जायेगी, नहीं तो मनी लांड्रिंग का केस किया जायेगा, महिला द्वारा उससे पॉच बार में कुल 1 लाख 85 हजार 500 रूपये की राशि फर्जी खाते में यूपीआई द्वारा जमा करा लिए गए।

बिना अनुमति काटे जा रहे थे प्लाट

## पनागर में में अवैध कालोनाईजर एफआईआर दर्ज

**जबलपुर।** शहर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में तेजी से बढ़ रहे अवैध कॉलोनी कारोबार पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। पनागर थाना क्षेत्र के ग्राम पड़रिया में बिना अनुमति कॉलोनी काटने के मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। जिला प्रशासन स्तर पर कराई गई जांच के बाद यह कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार प्रशासन को लंबे समय से शिकायत मिल रही थी कि ग्राम पड़रिया में बिना वैधानिक अनुमति जमीन की प्लॉटिंग कर कॉलोनी विकसित की जा रही है। इस पर राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जांच में पाया गया कि नियमों का पालन किए बिना भूमि का विकास किया गया और प्लॉट बेचे जा रहे थे। जांच प्रतिवेदन के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। नगर पुलिस अधीक्षक अधारताल राजेश्वरी कौरव ने बताया कि रंजीत चौधरी के खिलाफ अवैध कॉलोनी निर्माण का प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपी पर बिना अनुमति कॉलोनी विकसित करने और शासकीय नियमों का उल्लंघन करने का आरोप है।

हालांकि अभी तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है, लेकिन पुलिस का कहना है कि कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है और जल्द ही गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाएगी।

इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में सक्रिय अन्य अवैध कॉलोनाइजरों में हड़कंप मच गया है। माना जा रहा है कि प्रशासन आने वाले दिनों में ऐसे अन्य मामलों की भी जांच कर सकता है और नियमों के विरुद्ध काम करने वालों पर सख्त कदम उठाए जाएंगे। अधिकारियों ने स्पष्ट संदेश दिया है कि बिना अनुमति कॉलोनी निर्माण, प्लॉटिंग या भूमि विकास करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। नियम तोड़ने पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

## सिहोरा में लोक निर्माण मंत्री ने किया रेलवे ओवर ब्रिज का लोकार्पण

# लोक निर्माण से लोक कल्याण सरकार का उद्देश्य : राकेश सिंह



**सिहोरा।** लोक निर्माण विभाग द्वारा जनता के हित में करायें जा रहे विकास कार्य लोक कल्याण को चरितार्थ कर रहे हैं उक्त आशय के उद्गार लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने सिहोरा नगर पालिका क्षेत्र अन्तर्गत 23 करोड़ की लागत से नव निर्मित फ्लाई ओवर के लोकार्पण के अवसर पर व्यक्त किये।श्री सिंह ने आगे कहा की मैं सिहोरा क्षेत्र का सदैव ऋणी रहुंगा चाहे मेरे द्वारा किये गये आन्दोलन हो ,विकाश यात्रा हो हमेशा सिहोरा की जनता ने तन मन धन से मेरा साथ दिया है सिहोरा वासी सदैव मेरे सामने एक ही मांग रखते थे की मझगंवा फाटक पर ओवर ब्रिज बनाया जाये जिससे न केवल सिहोरा वरन अन्य वहोरीबन्द बड़वारा विधानसभा के बाद उमरिया शहडोल जिले के लोग लाभान्वित हो तथा सिहोरा के औद्योगिक क्षेत्र का विकाश हो सके।आज उक्त मांग के पूर्ण होने पर में भी उतना ही खुश हुं जितना की प्रत्येक नागरिक।सिहोरा विधान सभा में विभाग द्वारा लगभग 400 करोड के विकास कार्य कराये जा रहे हे वही बहोरीबंद में 613 करोड़ के साथ जबलपुर जिले में लगभग 3500 करोड़ के साथ प्रदेश के हर जिले के हिस्से में इजाफा किया है कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुऐ सिहोरा विधायक सन्तोष बरकडे ने कहा की लोक निर्माण से लोक कल्याण के अन्तर्गत मिली वर्षों पुरानी ओवर ब्रिज की सौगात अतुल्य है।उन्होंने ब्रिज पर प्रकाश व्यवस्था की मांग भी रखी।बहोरीबंद विधायक प्रणय पाण्डे ने कहा की एक समय था जब लोग कहते थे लोक निर्माण विभाग बन्द हो जायगा लेकिन यशश्वी मंत्री राकेश सिंह के नेतृत्व में प्रदेश में सर्वाधिक विकाश कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा करायें जा रहे हैं।

### जल संरक्षण की दिशा में सार्थक पहल

मंत्री राकेश सिंह ने कहा की लोक निर्माण विभाग ने जल संरक्षण की दिशा में सार्थक पहल की है सड़क निर्माण में उपयोग में लाई जाने वाली मिट्टी जिस स्थान से निकाली जा रही है उसे सरोवर बनाकर लोक कल्याण सरोवर का नाम दिया जा रहा है इसी प्रकार सड़क से व्यर्थ बहने वाले रेन वाटर को संरक्षित करने रिचार्ज वोर का निर्माण कर जल संरक्षण की दिशा में सार्थक पहल की जा रही है। लोकार्पण के पहले ब्रिज को फूलों से सजाकर रंगोली भी बनाई गई थी।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर आशा गोटिया जिला पंचायत अध्यक्ष, संतोष बरकडे विधायक सिहोरा,प्रणय प्रभात पांडे विधायक बहोरीबंद राजकुमार पटेल जिलाध्यक्ष, पूर्व विधायक दिलीप दुबे, नंदनी मरावी, संध्या दुबे नगर पालिका अध्यक्ष, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजा मोर, जिला महामंत्री राजेश दाहिया, सुभाष रानू तिवारी,जिला उपाध्यक्ष अनुपम सराफ, पुष्प राज सिंह बघेल, प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा राजमणि सिंह बघेल, अंकित तिवारी, विनय जैन, नीलू बाजपेयी, मंडल अध्यक्ष सतीश पटेल, अनंत नौगरहिया, पवन गुप्ता,बिनोद गुप्ता,जिला पंचायत सदस्य अंजली गोलू पांडे,एकता ठाकुर, सत्यप्रकाश खरे, विजय श्रीपाल,शिशिर पांडे, गौरादेवी विश्वकर्मा, बेबी विनय पाल, मयंक जैन आदि उपस्थित थे ।



## श्रीराम कथा में दी प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुतियां

**जबलपुर।** समरसता सेवा संगठन द्वारा 5 अप्रैल से 13 अप्रैल तक आयोजित पावन श्रीराम कथा, परम पूज्य जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य की अमृतमयी श्रीवाणी से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत बना हुआ है। इसी क्रम में नाट्य लोक सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था द्वारा 5 से 12 अप्रैल 2026 तक निर्देशक दविन्दर सिंह ग्रोवर के निर्देशन में विविध विषयों पर आधारित प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुतियां दी गईं। इनमें भक्तिमति शबरी, रानी दुर्गावती, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्व-बोध एवं स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य तथा शंकर शाह, रघुनाथ शाह जैसे विषय प्रमुख रहे। वरिष्ठ रंगकर्मी विनय शर्मा सहित पराग तेलंग, मानसी सोनी, माही सोनी, देवेंद्र झरिया, जतिन झरिया, विकी तिवारी, श्रुति दुबे, भावना विश्वकर्मा, माही गुप्ता, तन्मय जायसवाल एवं अन्य कलाकारों ने सशक्त अभिनय से प्रस्तुतियों को जीवंत बना दिया। इन नाट्य मंचनों ने दर्शकों को न केवल भावविभोर किया, बल्कि देशभक्ति, सामाजिक जागरूकता एवं समरसता का सशक्त संदेश भी दिया।

# समिति कर्मियों को पेंशन लाभ देने संबंधी महत्वपूर्ण आदेश जारी

**विद्युत वितरण कंपनी का निर्णय, वर्षों से लंबित मांग पूरी होने पर कर्मियों को बड़ी राहत**

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा ग्रामीण विद्युत सहकारी समितियों के कर्मियों के हित में पेंशन लाभ प्रदान करने संबंधी महत्वपूर्ण आदेश जारी किया गया है। कंपनी ने संविलियन समितियों के पात्र कर्मियों को पेंशन देने का निर्णय लिया है। जानकारी के अनुसार रीवा, मंडला एवं बंडा समितियों के कर्मियों का संविलियन वर्ष 2002 में तथा लौंडी, सीधी, अमरपाटन एवं नौगांव समितियों का संविलियन वर्ष 2010 में कंपनी में किया गया था। संविलियन के बाद कर्मियों द्वारा पेंशन लाभ के लिए न्यायालय में प्रकरण दायर किए गए थे। न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में यह प्रस्ताव संचालक मंडल की 121वीं बैठक (24 मार्च 2026) में प्रस्तुत किया गया, जिस पर 24 अप्रैल 2026 की बैठक में अंतिम निर्णय लिया गया। आदेश के तहत पात्र कर्मियों को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (पेंशन) नियम 1976 के अंतर्गत 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर पेंशन का लाभ मिलेगा। न्यायालय के निर्देशानुसार सेवानिवृत्त एवं वर्तमान कर्मी आवेदन कर इस योजना का लाभ ले सकेंगे। साथ ही पात्र कर्मियों के जीपीएफ खाते खोले जाएंगे और नियमानुसार अंशदान की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। वहीं अमरपाटन, लौंडी, नौगांव एवं सीधी समितियों के कर्मियों को नई पेंशन योजना (एनपीएस) के तहत रखा गया है। चूंकि ये कर्मी ईपीएफ एवं ईपीएस में पंजीकृत थे, इसलिए उन्हें आवेदन के आधार पर जो योजना अधिक लाभकारी होगी, उसी के अनुसार लाभ दिया जाएगा। कंपनी के इस निर्णय से लंबे समय से पेंशन की मांग कर रहे समिति कर्मियों को बड़ी राहत मिलने के साथ उनके भविष्य को सामाजिक सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी।

## भीषण गर्मी का प्रकोपः सुबह 7 बजे से स्कूल संचालित करने की उठी मांग

**सिहोरा।** वर्तमान में सूर्यदेव के तल्ख तेवरों ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। आसमान से बरसती आग और प्रतिदिन बढ़ते पारे के कारण शासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं भीषण गर्मी से बेहाल हैं। बढ़ते तापमान और लू के थपेड़ों के बीच दोपहर के समय स्कूल से घर लौटने वाले बच्चों के स्वास्थ्य पर गंभीर संकट मंडरा रहा है। गर्मी की इन विकट परिस्थितियों को देखते हुए शिक्षकों और विद्यार्थियों को शारीरिक नुकसान होने की प्रबल आशंका बनी हुई है। इसलिए स्कुल सुबह 7 से 11 तक ही लगाये जायें उपरोक्त संबंध में तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के तहसील अध्यक्ष अर्जुन गर्ग ने जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा है कि प्रदेश के कई पड़ोसी जिलों में भीषण गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा स्कूलों का समय परिवर्तन कर उन्हें सुबह की पाली में कर दिया गया है। इसी कड़ी संगठन के पदाधिकारियों ने छात्र-छात्राओं के हित में आवाज उठाई है। संघ के जयप्रकाश तिवारी,नितिन अग्रवाल, शीतल प्रसाद दुबे, सतीश तिवारी, रामजी बर्मन, राजू पटवा, ओम प्रकाश नामदेव और मंजू दुबे आदि ने सामूहिक रूप से जिला प्रशासन से मांग की है कि वर्तमान मौसम को देखते हुए विद्यालयों को तत्काल प्रभाव से सुबह की पाली में लगाया जाए।

## स्व-गणना अभियानः विधायक सुशील तिवारी 'इन्दु' ने डिजिटल माध्यम से दर्ज की खुद की जानकारी, नागरिकों से की प्रक्रिया में भाग लेने की अपील



**जबलपुर।** प्रदेश में जारी स्व-गणना अभियान के दूसरे दिन पनागर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुशील तिवारी 'इन्दु' ने डिजिटल माध्यम से अपनी गणना दर्ज कर एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने इस पहल के माध्यम से तकनीक आधारित शासन व्यवस्था को सुदृढ़ करने का संदेश दिया। गणना पूर्ण करने के बाद विधायक सुशील तिवारी ने क्षेत्रीय नागरिकों से अपील की कि वे भी इस प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें। उन्होंने कहा कि स्व-गणना केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण में सहभागिता का माध्यम है, जिससे योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा सकता है। अभियान को गति देने के लिए प्रशासनिक अमला भी सक्रिय है। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने नागरिकों से निर्धारित समय सीमा में अपनी स्व-गणना पूर्ण करने की अपील की है। कलेक्टर ने इसे पूरी तरह गोपनीय एवं पारदर्शी प्रक्रिया बताया, जबकि निगमायुक्त ने तकनीक के उपयोग के माध्यम से अभियान में सहयोग करने का आग्रह किया। इस अवसर पर उपायुक्त अंकिता जैन एवं उनकी टीम द्वारा नागरिकों को तकनीकी जानकारी प्रदान कर सहयोग किया गया।

## गर्मी में पारा 42 डिग्री पार, सुबह की पाली में विद्यालय लगाने की मांग

**बरेला।** भीषण गर्मी के चलते तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच गया है और मौसम विभाग द्वारा आगामी दिनों में पारा 45 डिग्री तक जाने की चेतावनी दी गई है। ऐसे में छोटे बच्चों को स्कूल आने-जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पालकों का कहना है कि चिलचिलाती धूप और बढ़ते तापमान के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है, इसलिए विद्यालयों का संचालन सुबह की पाली में किया जाना चाहिए। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में जलस्तर नीचे जाने से पेयजल संकट भी सामने आने लगा है। इसी को देखते हुए मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ ने कलेक्टर से सभी विद्यालयों को सुबह की पाली में संचालित करने की मांग की है, ताकि बच्चों, पालकों और शिक्षकों को भीषण गर्मी से राहत मिल सके। इस मांग को लेकर शहजाद सिंह द्विवेदी, दालचंद पासी, रजनीश कुमार पाण्डेय, रामदास बरकड़े, शुभसंदेश सिंगौर, निर्मल लोधी, अंशुल साहू, सतीश बरकड़े, बृजेश दीक्षित, अजय दुबे, सतीश उपाध्याय, मनोज सिंह, शेर सिंह, मुकेश मेहरा सहित अनेक लोगों ने प्रशासन से शीघ्र आदेश जारी करने की अपील की है।

# भेड़ाघाट चौराहा पर सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी का आरोप

## लोक निर्माण विभाग पर उदासीनता के आरोप, ठेकेदार द्वारा मनमाने ढंग से कार्य किए जाने की शिकायत



**भेड़ाघाट।** भेड़ाघाट चौराहा से धुआंधार तक निर्माणाधीन सड़क कार्य में गुणवत्ता और तकनीकी मापदंडों की अनदेखी किए जाने के आरोप सामने आए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नाली निर्माण में भी अनियमितताएं की जा रही हैं, जिससे कार्य की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। क्षेत्रवासियों के अनुसार, यह मार्ग पर्यटकों की आवाजाही के कारण अत्यंत व्यस्त रहता है, बावजूद इसके निर्माण कार्य की गति बेहद धीमी है। लगभग 300 मीटर सड़क निर्माण में तीन से चार माह का समय लग चुका है, लेकिन कार्य अभी भी अधूरा है। आरोप है कि निर्माण कार्य केवल सीमित मजदूरों के सहारे किया जा रहा है तथा मौके पर न तो पर्याप्त तकनीकी स्टाफ मौजूद रहता है और न ही जिम्मेदार अधिकारियों की नियमित निगरानी दिखाई देती है। इससे नाली निर्माण एवं जल निकासी व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने 20 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली इस परियोजना में गुणवत्ता की अनदेखी और पारदर्शिता की कमी को लेकर जांच की मांग की है। लोगों का कहना है कि लोक निर्माण विभाग की निगरानी कमजोर होने के कारण ठेकेदार मनमाने ढंग से कार्य कर रहा है, जिससे आम जनता और पर्यटकों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



## बरेला में रामलीला रंगमंच पर कवियों की फाग प्रस्तुति, अतिथियों व साहित्यकारों का सम्मान

**बरेला।** नगर के थाने के सामने स्थित रामलीला रंगमंच में श्रमजीवी पत्रकार संगठन द्वारा आयोजित फागों का जंगी मुकाबला देर रात तक उत्साहपूर्वक चला, जिसमें फाग प्रेमियों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर आनंद लिया। कार्यक्रम में महाकवि राम बर्मन एवं महिला कवित्री राधा मल्लाह के बीच फाग मुकाबला प्रस्तुत किया गया।आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष मध्यप्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संगठन दिनेश प्रीत, प्रदेश सचिव प्रहलाद साहू, नगर महासचिव रवींद्र डोंगरे, पत्रकार ऋषि सराफ सहित जिला पंचायत अध्यक्ष आशा गोटिया, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतीक दुबे, सर्व यूनियन जिला अध्यक्ष अरविंद तिवारी, तहसीलदार शशांक दुबे एवं थाना प्रभारी आईपीएस शुभम सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत संगठन के आशीष शुक्ला, कृष्ण कुमार साहू, दिनेश सोनी, रितेश श्रीवास, अमित शुक्ला, मयंक जैन, संजय तिवारी एवं नितेश उपाध्याय द्वारा शॉल एवं श्रीफल भेंट कर किया गया। इस अवसर पर फिल्म "जय दादा ठनठनपाल" की निर्माण समिति के निर्देशक संतोष सरगम, संरक्षक महेश मानव, सहनिर्देशक दिनेश सोनी, अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू एवं कोषाध्यक्ष उदयराम साहू का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन उदयराम साहू एवं फाग कवि नोखेलाल कुशवाहा द्वारा किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन श्रमजीवी पत्रकार संगठन के नगर अध्यक्ष दिनेश सोनी ने किया। कार्यक्रम के अंत में कवि राम बर्मन एवं कवित्री राधा मल्लाह सहित सभी फाग कलाकारों को दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

# नाग तालाब में स्वच्छता व जल संरक्षण कार्यक्रम आयोजित



**पाटन।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत पाटन नगर के मुख्य जलाशय नाग तालाब (बाजार वार्ड) में गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत जल स्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में जल संरक्षण को जीवन संरक्षण का आधार बताते हुए लोगों को जल स्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने और जल बचाने का संदेश दिया गया। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि जल संरक्षण से ही जीवन का संरक्षण संभव है, इसलिए सभी नागरिकों को इसमें सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। इस अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, नवांकुर संस्था, स्वर्गीय शंकर सिंह जनकल्याण संस्था, नगर समिति अध्यक्ष पवन बर्मन, ठाकुर रामनारायण सिंह, मुख्यमंत्री नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यकर्ता कामता प्रसाद सेन, लक्ष्मी बर्मन, संगीता विश्वकर्मा, शुभम, मयूरी, ज्योति मेहरा, अनीता विश्वकर्मा, गुड्डी बर्मन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।




**सुश्री स्नेहलता रिद्धडिया-** गली नं. 13, सदर निवासी श्री कुंज बिहारी रिद्धडिया की पुत्री सुश्री स्नेहलता रिद्धडिया (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**सुश्री वंदना बर्मन-** गोरखपुर लोधी मोहल्ला निवासी श्री लल्लू बर्मन की पुत्री सुश्री वंदना बर्मन (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री पवन यादव-** इंद्रा नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री पवन यादव (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. वैष्णवी बावन-** मांडवा छापर रामपुर निवासी श्री रोशन बावन की पुत्री कु. वैष्णवी बावन (10) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**सुश्री नीलम बजाज-** संत जलाराम बापू नगर तिलहरी निवासी श्री भगवान दास बजाज की पुत्री सुश्री नीलम बजाज (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रूचि विश्वकर्मा-** करमचंद चौक के निकट निवासी श्री तेजराम विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती रूचि विश्वकर्मा (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मालती तिवारी-** ग्राम खैरी सहजपुर भेड़ाघाट रोड निवासी श्री जगदीश प्रसाद तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती मालती तिवारी (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव-** सतना बिल्डिंग निवासी श्री देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार रानीताल श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती आशा श्रीवास्तव-** अधारताल निवासी श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती आशा श्रीवास्तव (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती श्यामा बाई चौधरी-** बाबा टोला ठक्करग्राम निवासी श्री रामचरन चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती श्यामा बाई चौधरी (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री देवेंद्र कुमार नाहर-** हैलटगंज सदर निवासी श्री जमना प्रसाद नाहर के पुत्र श्री देवेंद्र कुमार नाहर (33) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विजय कुमार विनोदिया-** चंदन कॉलोनी गंगानगर गढ़ा निवासी श्री विजय कुमार विनोदिया (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जगन लाल-** मोतीराम कम्पाउंड सदर झिरिया निवासी श्री जगन लाल (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती हिरनिया बाई बंशकार-** सिंधी कैंप ठक्कर ग्राम रोड निवासी श्री प्रेमलाल बंशकार की धर्मपत्नी श्रीमती हिरनिया बाई बंशकार (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती पारो बाई बुंदेला-** सरकारी कुआं घमापुर निवासी श्री भूरे लाल बुंदेला की धर्मपत्नी श्रीमती पारो बाई बुंदेला (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 90/- प्रति स्क्वायर से.मी.
सिंगल साइज :- 1x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
सिंगल साइज :- 1x4 से.मी. रंगीन 400/-
सिंगल साइज 1x12 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग :- 9303308294, 9407362160




महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और भाजपा नेता फडणवीस ने सीएम ममता पर किया हमला

# बंगाल अब डरने वाला नहीं, डर के आगे जीत है, यहां इस बार बदलाव जरूर होगा व भाजपा बनाएगी सरकार, देश विरोधी ताकतें होंगी बाहर

## विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा की भारी जीत का भरोसा जताया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में पार्टी के लिए प्रचार करते हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा की भारी जीत का भरोसा जताया? उन्होंने कहा कि राज्य की जनता 15 साल पुरानी टीएमसीव सरकार से बदलाव की मांग कर रही है। उन्होंने कहा कि इस बार बंगाल की जनता सिर्फ अपने दिल की आवाज सुनेगी। 2021 में भी यही भावना थी, लेकिन तब डर था। अब बंगाल जान चुका है कि 'डर के आगे जीत है'। बदलाव जरूर होगा और भाजपा सरकार बनाएगी। उन्होंने अवैध घुसपैठ पर कहा कि भाजपा सरकार बनने पर राज्य से देश-विरोधी ताकतों को बाहर किया जाएगा। ममता सरकार पर आरोप लगाया कि उन्होंने वोट बैंक के लिए घुसपैठियों को लाकर राज्य की जनसांख्यिकी बदल दी, जो देश के लिए खतरनाक है। फडणवीस ने कहा कि 1951 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा भारतीय जनसंघ की स्थापना को याद करते हुए भाजपा को बाहरी कहना गलत है।

**अब यहां के लोगों का डर खत्म हो गया**


प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री फडणवीस

### ममता सरकार को घेरा

फडणवीस ने कहा कि बंगाल में भाजपा की सरकार आने पर युवाओं के लिए रोजगार के नए मौके तैयार किए जाएंगे। ममता सरकार के कार्यकाल में 6000 से ज्यादा उद्योग और 100 से अधिक लिस्टेड कंपनियां बंगाल छोड़कर चली गई हैं। हमें राज्य को इन सबसे मुक्त कराना होगा।

### कर्ज में डूबा राज्य अब 'सोनार बांग्ला' के लिए बदलाव होगा

फडणवीस ने इसे ममता बनाम जनता की लड़ाई बताया है। फडणवीस ने दावा किया कि राज्य की जनता बदलाव का मन बना चुकी है और सोनार बांग्ला के सपने को पूरा करने के लिए नई शुरुआत चाहती है। बंगाल कभी देश के टॉप आर्थिक राज्यों में गिना जाता था, लेकिन अब राज्य कर्ज के बोझ तले दब गया है। कर्ज का अनुपात बहुत ज्यादा हो चुका है। भाजपा की सरकार बनने पर बंगाल फिर से विकास की राह पर लौटेगा और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

### सुवेंदु का टीएमसी पर आरोप | कार्यकर्ताओं को दिए जा रहे फर्जी प्रेस कार्ड



बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने टीएमसी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को फर्जी प्रेस पहचान पत्र (प्रेस कार्ड) बांट रही है। टीएमसी ऐसा इसलिए कर रही है ताकि उसके कार्यकर्ता पत्रकार बनकर मतदान केंद्रों तक पहुंच सकें और चुनाव में गड़बड़ी कर सकें। टीएमसी एक राजनीतिक सलाहकार कंपनी की मदद से यह काम कर रही है। उन्होंने दावा किया कि ये फर्जी पत्रकार संवेदनशील जगहों और प्रशासनिक केंद्रों में घुसकर मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश करेंगे। उन्होंने चुनाव आयोग से मांग की है कि हाल ही में जारी हुए सभी प्रेस कार्डों की गहराई से जांच की जाए। उन्होंने कहा कि केवल मान्यता प्राप्त मीडिया संस्थानों के पत्रकारों को ही मतदान केंद्रों के पास जाने की अनुमति मिलनी चाहिए। इससे एक दिन पहले टीएमसी ने भी भाजपा पर चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का आरोप लगाया था।

### अभिषेक का शाह पर आरोप

### वे मतदाताओं को डरा-धमका रहे



**मेदिनीपुर।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बेनर्जी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को खुली चुनौती देते हुए कहा कि अगर हिम्मत है तो मतगणना के दिन कोलकाता में मौजूद रहें। पूर्वी मेदिनीपुर के भगवानपुर में रैली के दौरान उन्होंने दावा किया कि ममता चौथी बार मजबूत जनादेश के साथ सत्ता में लौटेंगी। अभिषेक ने डराने-धमकाने का आरोप लगाते हुए कहा कि गृह मंत्री की ओर से चेतावनी दी जा रही है कि टीएमसी घर से बाहर न निकलें। केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का भी आरोप लगाया।

### उदयनिधि स्टालिन बोले

### भारी जनसमर्थन मिल रहा डीएमके करेगी क्लीन स्वीप



**चेन्नई।** तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने दावा किया है कि आगामी विधानसभा चुनावों में उनकी पार्टी को भारी जनसमर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 16 दिनों में उन्होंने करीब 100 विधानसभा क्षेत्रों में प्रचार किया है और हर जगह जनता से बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है।च स्टालिन ने कहा कि पार्टी इस चुनाव में बड़ी जीत दर्ज करने को लेकर पूरी तरह आश्वस्त है। उनका कहना है कि जहां भी वे प्रचार के लिए जा रहे हैं, वहां जनता का उत्साह और समर्थन स्पष्ट रूप से दिख रहा है।

### पल्लडम रैली में पलानीस्वामी का स्टालिन पर हमला



**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और एडप्पाडी के. पलानीस्वामी ने पल्लडम में चुनावी रैली के दौरान डीएमके सरकार और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन पर तीखा हमला बोला। उनकी पार्टी ने पहले ही संसद में 33% महिला आरक्षण की मांग उठाई थी और अब प्रधानमंत्री मोदी इसे लागू कर रहे हैं।



ममता ने किया चुनावी 'काव्यपाठ'

### भाजपा ने कहा- ममता ने हार मान ली

एक चुनावी रैली कमें ममता बेनर्जी ने कुछ लाइनें पढ़ी हैं, जिसे लेकर भाजपा नेता अमित मालवीय दावा कर रहे हैं कि टीएमसी ने चुनाव से पहले ही हार मान ली है। इस्लामपुर में टीएममी की चुनावी रैली को ममता ने शेरो-शायरी वाले अंदाज में खत्म किया। खास बात यह रही कि ममता ने जो पंक्तियां बोलीं उनमें 'तृणमूल' शब्द का जिक्र था।

### तिरुचिरापल्ली में डीएमके ने किया शक्ति प्रदर्शन



तमिलनाडु राज्य में चुनावी सरगर्मी के बीच केएन नेहरू और अनबिल महेश पोय्यामोझी ने तिरुचिरापल्ली के गांधी मार्केट क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया। दोनों नेताओं ने द्रविड़ मुनेत्र कड़गम डीएमके के तिरुचिरापल्ली पूर्व विधानसभा सीट के उम्मीदवार डॉ. इनिगो इरुदयाराज के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया और मतदाताओं से पार्टी के पक्ष में वोट देने की अपील की।

---

## खबर संक्षेप

### कर्नाटक में पीरियड लीव लागू करने की तैयारी



**बेंगलुरु।** कर्नाटक में कामकाजी महिलाओं के लिए पीरियड्स लीव नीति को लेकर सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। कर्नाटक हाई कोर्ट के निर्देश के बाद राज्य सरकार ने इस नीति को सभी क्षेत्रों में जल्द और सख्ती से लागू करने की बात कही है।राज्य के श्रम मंत्री संतोष लाड ने कहा हाईकोर्ट के इस निर्देश का स्वागत करते हैं।

### सीएम सम्राट को धमकी आरोपी गिरफ्तार



**अहमदाबाद।** सीएम सम्राट चौधरी को जान से मारने की धमकी देने वाला आरोपी शेखर यादव गुजरात से गिरफ्तार कर लिया गया है। शपथ ग्रहण के दिन आरोपी ने फोन कर 24 घंटे के भीतर चौधरी को जान से मारने की धमकी दी थी। आरोपी शेखर यादव बांका के बेलहर का निवासी है। संग्रामपुर पुलिस लगातार सक्रिय थी।

### शाह के पड़ोसी बने नीतीश, जेड प्लस सुरक्षा



**नई दिल्ली।** बिहार के पूर्व सीएम नीतीश कुमार को नया आवास मिल चुका है। वह अब सुनहरी बाग स्थित बंगला नंबर 9 में रहेंगे। यह आलीशान सरकारी आवास है, जिसमें आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। उनका नया बंगला सारी सुविधाओं से लैस है। इसमें खास बात यह है कि यह बंगला केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के पास है।

### दिल्ली, नोएडा और फरीदाबाद में तेज बारिश



**नई दिल्ली।** दिल्लीवासियों को भीषण गर्मी के बीच शुक्रवार को थोड़ी राहत मिली है। कई इलाकों में बूंदाबांदी हुई। फरीदाबाद में भी तेज हवा चलने के बाद बारिश शुरू हो गई। नोएडा में भी तेज बारिश की खबर है। मौसम विभाग ने नोएडा, फरीदाबाद, गुरुग्राम आदि में येलो अलर्ट दिया था। गरज के साथ हल्की बारिश की चेतावनी दी है।

---

निशिकांत ने बोला कांग्रेस पर बड़ा हमला, सोनिया का भी किया जिक्र

# 4 दशकों से कांग्रेस ने राजनीति की, मनमोहन ने ही तब जाति गणना का किया था भारी विरोध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन से संबंधित विधेयक पर संसद में चर्चा हुई। इस दौरान राहुल गांधी ने पीएम मोदी और केंद्र सरकार पर कई सवाल खड़े किए हैं। इससे पहले भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कांग्रेस का इतिहास याद दिलाते हुए कई मुद्दे उठाए और पूर्ववर्ती सरकारों पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश में महिला आरक्षण के मुद्दे पर चार दशकों से काफी राजनीति की जा रही है। दुबे ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि मुझे लगा कि कांग्रेस के जो लीडर हैं उनका जो भाषण है वो एक शो जैसा था, जैसा कि माइकल जैक्सन का। उन्होंने कहा कि इसी दिन वर्ष 1987 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी पर बोफोर्स मामले को लेकर आरोप लगे थे, जिसने देश की राजनीति में बड़ा विवाद खड़ा किया था। 1998 की एक घटना का जिक्र करते हुए कांग्रेस नेतृत्व परिवर्तन को लेकर भी टिप्पणी की।

**कांग्रेस का इतिहास याद दिलाया**

## महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन से संबंधित विधेयक पर आरोप-पलटवार



### राहुल साउथ में सीटों के नुकसान के लिए खुद जिम्मेदार होंगे

दुबे ने कहा कि महिला आरक्षण अधिनियम, 2023 को सरकार ने अधिसूचित किया है तो हम 543 सीटों के आधार पर इसे कल से ही लागू करने के लिए तैयार हैं। उन्हें सीटों का नुकसान होगा और इसके लिए राहुल गांधी जिम्मेदार होंगे। पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने कहा था कि जातिगणना कभी नहीं कराई जाएगी, चाहे उनकी सरकार रहे या न रहे।

### मैंने जैसे माइकल जैक्शन का डांस देख लिया

दुबे ने कहा कि रमैं जब आज यहां आया तो मुझे लगा कि कांग्रेस के लीडर ऑफ अपोजिशन से माताओं-बहनों के बारे में सुनने को मिलेगा, लेकिन मुझे लगा कि मैंने जैसे माइकल जैक्शन का डांस देख लिया।

### सोनिया ने जाति गणना का विरोध किया था

दुबे ने कहा कि सोनिया गांधी ने जाति गणना का विरोध किया था। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने तो साफ मना कर दिया था।

विपक्ष का आरोप

### परिसीमन राजनीतिक नोटबंदी साबित होगा: थरूर



कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि महिलाओं के आरक्षण को परिसीमन से जोड़ना, असल में नोटबंदी जैसा होगा।

### गिरगिट की तरह रंग बदल रही कांग्रेस: मायावती



बसपा सुप्रीमो मायावती ने एक्स पर कहा कि सत्ता में रहने पर कांग्रेस ने कभी नहीं सोता। अब गिरगिट जैसा रंग बदल रही है।

### जाति जनगणना टालने की कोशिश हो रही: अखिलेश



सपा सांसद अखिलेश यादव ने दावा किया है कि केंद्र महिला आरक्षण और परिसीमन पर जाति गणना की मांग को टाल रही है।

### परिसीमन के जरिए खुद को सशक्त कर रही भाजपा



सपा सांसद डिंपल यादव ने आरोप लगाया भाजपा महिला आरक्षण का मुखौटा पहन सशक्त हो रही है।

प्रधान ने कांग्रेस को घेरा

### परिसीमन को लेकर विपक्ष केवल आशंकाएं फैला रहा



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का कहना है कि परिसीमन को लेकर विपक्ष द्वारा आशंकाएं फैलाई जा रही हैं। उन्होंने विपक्ष के दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। प्रधान ने कहा कि परिसीमन की यह प्रक्रिया पूरी तरह संवैधानिक है। परिसीमन का उद्देश्य देश के संघीय ढांचे को मजबूत करना है। इसके जरिए देश में लोकसभा की सीटों में बढ़ोतरी किए जाने का प्रस्ताव है।

### आपका तो कहने का मुंह ही नहीं : अनुप्रिया



केंद्रीय मंत्री और अपना दल (सोनेलाल) की नेता अनुप्रिया पटेल एवं सपा के सांसदों के बीच नोकझोंक देखने को मिली। पटेल ने दावा किया कि सपा की सरकार ने यूपी में न तो जातीय गणना कराई और न ही जिस केंद्र सरकार को वह समर्थन दे रहे थे उनसे जातीय जनगणना करा पाए। पटेल ने सपा सांसदों को रोक टोक के बीच कहा कि आपका तो बोलने का मुंह ही नहीं है। पीठासीन कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी ने भी कहा- धर्मेंद्र जी बैठ जाइए।

---

रिनिकी पासपोर्ट विवाद

## खेड़ा को 'फर्जी आधार' कार्ड पर फटकार, जमानत को असम जाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



असम सीएम हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां पासपोर्ट विवाद में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। अभिषेक मनु सिंघवी ने दलीलें रखी जबकि तुषार मेहता ने खेड़ा की याचिका का विरोध किया। सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांजिट बेल की अवधि मंगलवार तक बढ़ाने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि खेड़ा गुवाहाटी हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल करें। साथ ही अदालत ने स्पष्ट किया कि गुवाहटी हाई कोर्ट, इस मामले की सुनवाई करते समय सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों से प्रभावित न हो। फर्जी आधार कार्ड पेश करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई। खेड़ा के मामले में अभिषेक मनु सिंघवी और तुषार मेहता के बीच तीखी बहस हुई।

### दस्तावेजों पर उठाए सवाल

सर्वोच्च अदालत में खेड़ा की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत ने उनके द्वारा निवास प्रमाण के तौर पर लगाए गए दस्तावेजों पर सवाल उठाए। कोर्ट ने यह भी पूछा कि जब पते को लेकर स्पष्टता नहीं है तो तेलंगाना हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका क्यों दाखिल की गई।

आप का सरकार से सवाल

## हमारे नेताओं के घर छापेमारी से कितनी राशि बरामद की गई

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने पंजाब के उद्योग मंत्री संजीव अरोड़ा और कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर एक जांच के तहत शुक्रवार को छापेमारी शुरू की। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने कहा कि 3 दिन में ही ईडी ने पंजाब में आप के दो नेताओं के आवासों पर छापेमारी की है और इससे पहले भी मोदी सरकार द्वारा प्रायोजित ईडी की छापेमारी में हमारे सैकड़ों नेता प्रभावित हो चुके हैं। उन्हें यह स्पष्ट करना चाहिए कि इन छापों में वास्तव में कितनी धनराशि बरामद हुई। नेताओं के घरों से उन्हें आखिर क्या मिला? अदालतों में पहुंचने वाला हर मामला पूरी तरह से खारिज हो जाता है। आज तक एक भी बरामदगी नहीं हुई है।



---

अमरावती यौन शोषण मामला

## एनसीडब्ल्यू ने डीजीपी से 5 दिन में मांगी जांच की रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



महाराष्ट्र के अमरावती में युवक द्वारा नाबालिग लड़कियों का यौन शोषण और उनके साथ दुर्व्यवहार के आरोप से संबंधित खबर का स्वतः संज्ञान लेते हुए, राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने शुक्रवार को राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को इस मामले की समयबद्ध जांच करने का निर्देश दिया। आयोग ने कार्रवाई पर 5 दिन के अंदर एक रिपोर्ट भी मांगी है।आरोपियों ने कथित तौर पर नाबालिग लड़कियों को बहला-फुसलाकर उनपर यौन हमला किया, उन कृत्यों को रिकॉर्ड किया और पीड़ितों को ब्लैकमेल करने के लिए वीडियो का इस्तेमाल किया। अध्यक्ष विजया रहाटकर ने महाराष्ट्र के डीजीपी सदानंद वसंत दाते को निर्देश दिया कि वेसुनिश्चित करें कि इस मामले की समयबद्ध और गहन जांच हो। सभी पीड़ितों की पहचान और उन्हें सुरक्षा मिले एवं डिजिटल मंचों पर से सामग्री हटा दी जाए।

सरकार ने तनाव के बीच ईंधन आपूर्ति को लेकर कहा

# पेट्रोल-डीजल, एलपीजी की सप्लाई सामान्य, अफवाहों से बचें

## पेट्रोलियम मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता ने दी जानकारी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पश्चिम एशिया में तनाव के बीच सरकार ने ईंधन आपूर्ति को लेकर स्थिति स्पष्ट की है। पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि देश में घरेलू एलपीजी की सप्लाई सुचारु रूप से जारी है और किसी भी वितरक के पास गैस खत्म होने की कोई सूचना नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल की भी पर्याप्त उपलब्धता है, रिफाइनरी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और कच्चे तेल का भंडार भी पर्याप्त है।

### पीएनजी नेटवर्क के विस्तार पर जोर



सरकार पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) नेटवर्क के विस्तार पर भी जोर दे रही है, ताकि एलपीजी पर दबाव कम किया जा सके। इसके लिए राज्यों से लंबित आवेदनों को शीघ्र मंजूरी देने की अपील की गई है। शर्मा ने लोगों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल जरूरत के अनुसार ही पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की खरीदारी करें। उन्होंने जानकारी दी कि फरवरी में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों द्वारा प्रतिदिन करीब 177 टन ऑटो एलपीजी की बिक्री हुई थी, जो अप्रैल में बढ़कर लगभग 296 टन प्रतिदिन पहुंच गई है। खासतौर पर कर्नाटक, तमिलनाडु, तेलंगाना, राजस्थान और पश्चिम बंगाल में ऑटो एलपीजी की बिक्री में उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखी जा रही है।

### भारतीय नाविक सुरक्षित

पश्चिम एशिया में हालात को लेकर पोर्ट्स, शिपिंग और जलमार्ग मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने बताया कि क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और पिछले 24 घंटों में किसी भी भारतीय या भारतीय-ध्वज वाले जहाज से जुड़ी कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई है। उन्होंने यह भी कहा कि देशभर में बंदरगाहों का संचालन सामान्य है और कहीं भी भीड़ या बाधा की स्थिति नहीं है।

स्वच्छता सर्वेक्षण 2026

# जन-आंदोलन बना स्वच्छता अभियान, स्कूली बच्चों और नागरिकों ने रैली निकाल कर दिया प्लास्टिक मुक्त जबलपुर का संदेश




**जबलपुर।** नगर निगम द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के अंतर्गत शहर को स्वच्छ, सुंदर और पॉलीथीन मुक्त बनाने की दिशा में निरंतर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 17 अप्रेल को निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के दिशा-निर्देशानुसार, संभाग क्रमांक 08 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 45 में एक विशाल स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस आयोजन की खास बात यह रही कि इसमें स्कूली बच्चों के साथ-साथ शहर के प्रबुद्ध नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वच्छता को एक जन-आंदोलन का रूप दिया।

### सुंदर दिखे शहर अपना का गूंजा स्वर

रैली के दौरान बच्चों और नागरिकों ने गगनभेदी नारों के साथ क्षेत्र का भ्रमण किया। रैली में मुख्य रूप से स्वच्छता अपनाएं, बीमारी भगाएं और सिंगल यूज़ प्लास्टिक छोड़ें जैसे संदेशों के माध्यम से आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। निगमायुक्त के निर्देश पर सक्रिय निगम की आई.सी.ई. टीम के सदस्यों ने नागरिकों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कपड़े के थैले के उपयोग के लिए प्रेरित किया।स्वच्छता अभियान को लेकर नागरिकों में दिख रहा उत्साह इस बात का प्रमाण है कि जबलपुर अब स्वच्छता रैंकिंग में शीर्ष स्थान प्राप्त करने की ओर अग्रसर है। वार्ड 45 में आयोजित इस रैली में बच्चों ने न केवल स्वच्छता की शपथ ली, बल्कि दुकानदारों और राहगीरों से अपील की कि वे कचरा सिर्फ डस्टबिन में ही डालें।



### पार्षद की अगुवाई में जनभागीदारी के साथ चला सफाई अभियान

जबलपुर। नगर निगम द्वारा शहर को स्वच्छता रैंकिंग में अग्रणी बनाने के उद्देश्य से 'स्वच्छ सर्वेक्षण 2026' अभियान को निरंतर गति दी जा रही है। महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में संभाग क्रमांक 9 के अंतर्गत वृहद स्वच्छता एवं जन-जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में क्षेत्रीय पार्षद अविनाश चमकेल ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर झाड़ू लगाकर सफाई की। अभियान में निगम अमले के साथ बड़ी संख्या में नागरिकों ने भी स्वेच्छा से हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान सार्वजनिक स्थलों, पार्कों एवं मुख्य मार्गों पर श्रमदान कर व्यापक सफाई की गई।




# म.प्र. विद्युत मंडल अधिकारी-कर्मचारी संघ ने मनाई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती

**जबलपुर।** म.प्र. विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी एवं कर्मचारी संघ जबलपुर द्वारा 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ अंबेडकर चौक में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत संघ के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। इस दौरान विभिन्न वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया। उपस्थित जनसमूह को ठंडा शरबत वितरित कर समाजसेवा भी की गई। इसके बाद संध्याकाल में अवाक्स संघ कार्यालय एनडी-2, जलपरी रोड रामपुर में बैठक आयोजित की गई, जिसमें 'पे बैक टू सोसाइटी' के तहत समाज के अति पिछड़े एवं गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए आर्थिक सहयोग की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष प्रदीप चौधरी, प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. सुनील वर्मा, चिंतामन कोरी, विनय धुर्वे, दिलदार चौधरी, प्रांतीय महासचिव विष्णु डेहरिया, कोषाध्यक्ष विजय कुमार झस्या, प्रांतीय सचिव रितेश छारी, प्रांतीय प्रचार सचिव अरुण जोठे, प्रांतीय संगठन सचिव सतीश तभाने, उदयभान कुशवाहा, विवेक करारे, मिथलेश कुमार, प्रांतीय सह-सचिव कल्पना धुर्वे, नीलम कुमरे, जितेंद्र सिंह कुमरे, वाई.के. शिल्पकार, एस.के. गायकवाड़, के.एल. वर्मा, रोहित, वेदप्रकाश, अशोक चौहान सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## तकमील नासिर बने सुन्नी मुस्लिम काज़ियात वेलफेयर कमेटी के प्रदेश विधिक सलाहकार

**जबलपुर।** सुन्नी मुस्लिम काज़ियात वेलफेयर कमेटी द्वारा मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के अधिवक्ता तकमील नासिर को प्रदेश विधिक सलाहकार नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति अजय विश्नोई की अनुशंसा, प्रदेश उपाध्यक्ष प्यारे साहब के प्रयास तथा संरक्षक काज़ी अकलीम उद्दीन नियाज़ी (पूर्व प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश विधानसभा) की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष काज़ी सैय्यद अनस अली चिश्ती द्वारा की गई। प्रदेश अध्यक्ष काज़ी सैय्यद अनस अली चिश्ती ने कहा कि एडवोकेट तकमील नासिर के विधिक अनुभव, सक्रियता और इस्लामिक क्षेत्र में विद्वता से कमेटी के कार्यों को पूरे मध्यप्रदेश में विधिक रूप से मजबूती मिलेगी तथा मुस्लिम समाज के काज़ियात संबंधी मामलों में प्रभावी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित होगा। इस नियुक्ति पर अजय विश्नोई, प्यारे साहब, निराले साहब, डॉ. अविजित विश्नोई, अनिरुद्ध विश्नोई, तनज़ील ईशान, सुहेल अनवर खान, मोहम्मद शमीम, जावेद खान, एड. हाजी मुईन रज़ा, अरशिल सलीम, फैज़ान मिर्ज़ा, शारिल सलीम, तमसील समनान, तशकील फारान, इखलाक खान, अमजद हुसैन, सलीम खान, अलीम कुरैशी, जुनैद ताजी, अय्यूब अहमद खान, सादिक खान, शेर मोहम्मद शाह, हुसैन पठान, मोहम्मद मोहसिन, आमिर आज़ाद अंसारी, यासीन खान, असगर अंसारी सहित अन्य लोगों ने बधाई दी।



12वीं में जिले में प्रथम और 10वीं में परिक्षेत्र में अव्वल, विद्यार्थियों ने बढ़ाया नगर का मान

# मानकुंवारी हंसा हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा सुहानी लोधी ने मेरिट में पाया शीर्ष स्थान

**जबलपुर।** मानकुंवारी हंसा हायर सेकेंडरी स्कूल, बरेला के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और नगर का नाम रोशन किया है। प्राचार्या ई.एस. जोशुवा ने बताया कि कक्षा 12वीं कॉमर्स संकाय की छात्रा सुहानी लोधी ने 95.6% अंक प्राप्त कर जबलपुर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि पर कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एवं जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने छात्रा को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं कक्षा 10वीं में भी विद्यालय की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। अंग्रेजी माध्यम की छात्रा आरना दीक्षित ने 94.2% तथा हिंदी माध्यम की छात्रा काव्या पांडे ने 94% अंक प्राप्त कर परिक्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें प्राचार्या ई.एस. जोशुवा एवं नम्रता जोशुवा ने विद्यार्थियों का स्वागत कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्राचार्या ने कहा कि सफलता निरंतर परिश्रम, अनुशासन और सही मार्गदर्शन से ही संभव है। विद्यालय प्रबंधन के सचिव एस. मसीह एवं अध्यक्ष वैभव जोशुवा ने भी सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। परीक्षा परिणाम में कक्षा 12वीं अंग्रेजी माध्यम से सुहानी लोधी, सायना खान, वैष्णवी विश्वकर्मा, खुशी लोधी, गुलाम मुशीद खान, मानसी भारती, जसराज कुशवाह, वंशिका ठाकुर, आंशिक विश्वकर्मा, सूर्यांश पटेल, मंतशा खान, रितु पटेल सफल रहे। हिंदी माध्यम से मानसी चक्रवर्ती, अनिकेत लोधी, हिमांशु साहू, पार्थ उपाध्याय, मयंक कुमार साहू, हर्ष विदेही, रिया कुमारी, पार्थ साहू, वैभव साहू ने सफलता प्राप्त की। कक्षा 10वीं हिंदी माध्यम में काव्या पांडे, प्राची साहू, आलिया खान, सावन कुमार साहू, नैन्सी साहू, श्रेया साहू, निहाल चक्रवर्ती, शालिनी चौधरी, दिव्यांशी साहू, एंजिल सोनकर तथा अंग्रेजी माध्यम में आरना दीक्षित, यश पाल, अंश नामदेव, नमिता सोनी, सुभी साहू, साधना पटेल, अश्विन ठाकुर, आस्था त्रिपाठी, ओम्या साहू, एन्जल कुशवाह, शुभ उपाध्याय, श्री दुबे ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।





### परशुराम धाम ग्वारीघाट में महाआरती, निःशुल्क उपनयन संस्कार हेतु मंडप स्थापना

जबलपुर। परशुराम धाम ग्वारीघाट में महाआरती के साथ निःशुल्क उपनयन संस्कार के प्रथम चरण हेतु मंडप की स्थापना की गई। सर्व समाज के लिए आयोजित यह 20 दिवसीय कार्यक्रम सोमवार, अक्षय तृतीया को सुबह 8 बजे भगवान के अभिषेक के बाद प्रारंभ होगा। आयोजकों के अनुसार लगभग 40 उपनयन संस्कार के लिए पंजीयन हो चुके हैं, वहीं एक पंजाबी ब्राह्मण एवं एक राय परिवार द्वारा मुंडन संस्कार हेतु निःशुल्क पंजीयन कराया गया है। अन्य समाज के लोग भी संपूर्ण ब्राह्मण मंच के माध्यम से मांगलिक कार्यों के लिए निःशुल्क पंजीयन करा सकते हैं। ब्राह्मण समाज ने शहरवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर बटुक ब्राह्मणों को आशीर्वाद प्रदान करें। इस अवसर पर जगद्गुरु राघव देवाचार्य, धनंजय बाजपेई, सीताराम कुरचानिया, रावेंद्र तिवारी, निशांत शर्मा, पुष्पा तिवारी, प्रशांत तिवारी, सुधा मिश्रा, डॉ. स्वागतिकापति, आनंद मोहन शर्मा, यद्धवंश मिश्रा, डॉ. अरुण मिश्रा, सतीश मिश्रा, सुधाकर मिश्रा, रविंद्र तिवारी, मधुबाला दुबे, मीरा दुबे, मिथिलेश तिवारी, मुन्नालाल दुबे, मदन दुबे, आर.एस. पांडे, माधव पांडे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



## मानव श्रृंखला बनाकर प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारी शक्ति बंधन अधिनियम लाकर हम महिलाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्य धारा में खड़ा किया है, इस ऐतिहासिक सम्मान के उत्सव में जबलपुर महिला मोर्चा आज मानव श्रृंखला बनाकर एकत्रित होकर मोदी जी का धन्यवाद आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर प्रदेश की अध्यक्ष महिला मोर्चा अश्विनी परांजपे, प्रदेश महामंत्री ज्योति सिंह, प्रदेश शाहकोषा अध्यक्ष अर्चना अग्रवाल, आत्मिक सिंह, जिला अध्यक्ष रूपा राव, रीना राय, किरण राजपूत, दीपिका सिंह, मोना साहू सभी महिलाएं उपस्थित थीं।



सेना में कॅरियर अवसर संबंधी मार्गदर्शन व्याख्यान आयोजित

## सेना में अनुशासान एवं लगन सर्वोपरिः प्रो. अरुण शुक्ल

**जबलपुर।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, पंडित रामशंकर बन्नी लाल पाठक शासकीय महाविद्यालय बरेला, जबलपुर में आज सेना में कॅरियर संबंधी मार्गदर्शन व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुये सेना भर्ती की जानकारी प्रदान करते हुये भर्ती अधिसूचना, आवेदन करने की प्रकिया के साथ-साथ सेना हेतु शारीरिक योग्यता, लिखित परीक्षा एवं फिजिकल टेस्ट के बारे में जानकारी प्रदान की। प्रो. शुक्ल ने बताया कि अग्निवीर योजना भारत सरकार की एक महत्वकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य भारतीय सेना में युवाओं की प्रतिभागिता को बढ़ाना है। सेना में अनुशासन एवं लगन सर्वोपरि है।कार्यक्रम का संचालन एवं स्वागत डॉ. राजेश सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिनेश मिश्रा, डॉ. तृप्ति उकास, डॉ. जागेश्वर प्रजापति, डॉ. अजीत राय, डॉ. रितु श्रीवास्तव, डॉ. किरण हीरा, डॉ. भगत सिंह उइके, डॉ. जुगल किशोर मेवारी के साथ महाविद्यालय के 72 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस हुआ श्री सूत-शौनक संवाद

## परीक्षित श्राप और शुकदेव आगमन की कथा सुनाई

**जबलपुर।** श्री बांके बिहारी सेवा समिति के तत्वावधान में तिकोना गार्डन, एसबीआई कॉलोनी में चल रही सार्वजनिक श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस व्यास पंडित अतुल शास्त्री ने श्री सूत-शौनक का संवाद परीक्षित को श्राप और शुकदेव का आगमन के बारे में सूक्ष्म रूप से वर्णन कर महत्व से अवगत कराया। आज के मुख्य यजमानों में के.एन. सिंह, गायत्री सिंह, कृष्णा गुप्ता, बबीता सेन, गायत्री नामदेव, कल्पना सेन, जया साहू, सोनिया, रेखा तिवारी, भारती, अनीता मिश्रा ने पूजन, अर्चन, आरती कराकर कथा प्रारंभ की। इस मौके पर क्षेत्र के श्रोताओं के साथ-साथ वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. अरुण मिश्रा कथा स्थल पहुंचे, आरती आयोजक मंडल ने उनका श्रीफल, शाल से सम्मान किया। इस अवसर पर क्षेत्र के सभी जनमानस की उपस्थिति सराहनीय रही। तत्पश्चात आज की कथा का समापन कर आरती सम्पन्न हुई जिसमें क्षेत्र के अनेक गणमान्यजनों एवं श्रद्धालुओं, मातृशक्तियों ने कथा श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। समिति की अध्यक्ष ललिता दीदी ने सभी यजमानों का सम्मान किया एवं रंजीत सिंह ने आभार प्रकट कर प्रतिदिन सायं 5 बजे कथा में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की है।



# मनुष्य जीवन मोक्ष प्राप्ति की दुर्लभ नौका, समय का करें सदुपयोग : मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज

## सम्मेदशिखर जी में भव्य जैनेश्वरी दीक्षा समारोह, देशभर से उमड़े श्रद्धालु



**जबलपुर।** तीर्थराज श्री सम्मेदशिखर जी स्थित गुणायतन परिसर में पंच दिवसीय जैनेश्वरी दीक्षा समारोह का भव्य आयोजन जारी है, जिसमें देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं जैन समाज के गणमान्यजन शामिल हो रहे हैं।प्रातःकालीन धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने कहा कि मनुष्य जीवन मोक्ष प्राप्ति की दुर्लभ नौका है, जिसका सदुपयोग करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संसार जन्म-मरण और सुख-दुख के उतार-चढ़ाव से भरा एक समुद्र है, जिसे पार करने का अवसर केवल मनुष्य जीवन में ही मिलता है।मुनि श्री ने कहा कि यह जीवन भोग-विलास के लिए नहीं, बल्कि आत्मकल्याण, शाश्वत सुख और मोक्ष प्राप्ति के लिए मिला है। समय का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि बीता हुआ क्षण कभी लौटकर नहीं आता, इसलिए हर पल का सदुपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया कि प्रातः 6 बजे से मांगलिक क्रियाएं, अभिषेक एवं शांतिधारा के बाद 7:30 से 8:30 बजे तक प्रवचन होते हैं। इसके पश्चात आहारचर्या एवं 9:30 बजे से दीक्षार्थियों की भव्य शोभायात्रा निकाली जाती है, जो मुख्य मार्ग से होते हुए गुणायतन गौशाला प्रांगण पहुंचती है। समारोह में मुनि श्री संधान सागर महाराज, आचार्य ज्ञेय सागर महाराज सहित अन्य मुनिराजों की उपस्थिति में देशभर से आए त्यागी वृत्ति, दीक्षार्थियों के परिजन एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रवक्ता के अनुसार पूर्व दिवस में अभिषेक-शांतिधारा के साथ गणधर वलय विधान एवं शंका समाधान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों सहित मध्यप्रदेश, झारखंड एवं छत्तीसगढ़ से श्रद्धालु पहुंचे हैं। आयोजन स्थल पर विशाल पांडाल एवं सात्विक भोजन की व्यवस्था की गई है।




# परशुराम जयंती पर ब्राह्मण महासभा की विराट वाहन रैली 19 को

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में भगवान परशुराम जयंती पर आयोजित होने वाली विराट वाहन रैली को लेकर महासभा के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पत्रकार वार्ता में बताया कि यह रैली केवल एक आयोजन नहीं है, अपितु चेतना का शंखनाद है। बताया गया भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर मप्र प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में 19 अप्रेल को शाम 05 बजे गुलौआ गढ़ा से विराट वाहन रैली निकाली जाएगी। रैली गुलौआ चौक से प्रारंभ होकर छोटी बजरिया, आनंद कुंज, गढ़ा बाजार, पंडा की मढ़िया, शाहीनाका, कुररिया मार्केट, कछपरा ब्रिज, लेबर चौक, हनुमान दरबार, पीएण्ड टी कालोनी मैदान पहुंचकर संपन्न होगी।पत्रकार वार्ता में आलोक मिश्र, अखिलेश दीक्षित, बृजेश दुबे, प्रशांत अवस्थी सहित महासभा के जिला एवं प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी, विभिन्न जातीय संगठनों के प्रतिनिधि तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने रैली को सफल बनाने का संकल्प लिया। सभी सनातनियों से हार्दिक आह्वान है कि इस ऐतिहासिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनें।

## संयुक्त बौद्ध विहार समिति आज मनाएगी डॉ. आम्बेडकर जयंती

**जबलपुर।** संयुक्त बौद्ध विहार समिति डॉ. आम्बेडकर कालोनी आधारताल द्वारा भारत के संविधान निर्माता, डॉ. भीमराव आम्बेडकर की 135वीं जयंती 18 अप्रेल 2026 को शाम 07 बजे से मनाई जाएगी। कार्यक्रम में सभी उपासक, उपासिकाओं से उपस्थिति की अपील शैलेन्द्र मेश्राम, दिलीप गनवीर, सचिन मेश्राम, सदेश कामडे, आशिक पाटिल, मनीष मेश्राम, सुनील मानकर, वीरेन्द्र बौद्ध, बालचंद धर्डे, नंदकिशोर पाटिल ईश्वरी ताई, वीरेन्द्र बौद्ध एवं समिति के समस्त सदस्यों ने की है।